
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 42 मुरादाबाद 05June 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भक्ति का प्रचार-प्रसार करना गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

गीताप्रेस गोरखपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में आरपीएफ बैंड द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति के बाद ट्रस्टी की ओर से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया गया। इसके बाद रामचरित मानस ग्रंथ का विमोचन हुआ। मुख्?यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को गुजराती भाषा में पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गीता प्रेस जिसने विगत 100 वर्षों में करोड़ों पुस्तकों का प्रकाशन कर उल्लेखनीय कार्य किया है। राष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में आने पर उनका अभिनंदन करता हूं। देश के शायद ही ऐसा कोई परिवार हो जिसके यहां गीता कोई पुस्तक न हो। 100 साल पहले गोयनका जी ने गीता प्रेस का जो बीज बोया था वो आज पूरे विश्व में फैला है। पुस्तकों में व्याकरण की कितनी शुद्धि है इसको पुस्तक देख के अंदाजा



लगाया जा सकता है। एक समय ऐसा था कि कल्याण पुस्तिका का लोग महीनों इंतजार करते थे, लेकिन अब तकनीक के माध्यम से छपते ही लोगों के घर पहुंच जा रहा है। गीता प्रेस का मुख्य द्वार का उद्घाटन करने देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद जी यहां पधारे थे और आज शताब्दी वर्ष में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के सपूत और वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी पधारे हैं। गीता प्रेस जब अपनी 125 वीं जयंती मना रहा होगा तो देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा। राज्?यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि गीता प्रेस समाज को आदर्श और लोगों को नैतिक बनाने का काम कर रहा है। घर घर गीता और रामचरित मानस पहुंचाने में गीता प्रेस की बड़ी भूमिका है। इस मौके पर गीताप्रेस से जुड़े लालमणि तिवारी ने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कल्याण पुस्तिका के नियमित पाठक हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि मैं मानता हूं कि पिछले जन्म के कुछ पुण्य कर्म हैं जो आज मुझे गीता प्रेस के शताब्दी समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। गीता प्रेस के कर्मचारियों की निष्ठा और उनका अनुशासन अद्भुत है। उनकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। लीला चित्र मंदिर को जिसने भी रेखांकित किया है वो निश्चित ही कोई देव ही होगा। गीता प्रेस को आगे ले जाने में हनुमान जी की कृपा अर्थात हनुमान प्रसाद पोद्दार जी कृपा है। गीता प्रेस, प्रेस नहीं बल्कि साहित्य का मंदिर है। मुझे यहां आकर खुशी हुई की यहाँ महिलाओं और बेटियो को सभी से ऊंचा स्थान दिया। लोगों को धार्मिक पुस्तकें उपलध कराने के लिए मैं ट्रस्ट का आभारी है। गीता प्रेस को अन्य देशों में स्थापित करने में सहयोग करेगा।

## हापुड़ में बड़ा हादसा, केमिकल फैक्ट्री का बॉयलर फटा, आठ मजूदरों की मौत



यूपी के हापुड़ में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तेज धमाके के साथ आग लग गई। तेज धमाके के बाद लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दमकल कर्मियों को फोन किया गया। इस हादसे में आठ मजदूर जिंदा जल गए हैं। जबकि 15 लोग बुरी तरह से झुलसे हैं। हादसे की खबर पाकर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फैक्ट्री में राहत बचाव कार्य भी जारी है। जिले के धौलाना क्षेत्र के यूपीआईडी की फैक्ट्री है, जिसमें केमिकल बनता है। बताते हैं कि शनिवार दोपहर बाद अचानक से फैक्ट्री में बॉयलर फट गया। तेज धमाके के साथ फटे बॉयलर से आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि हादसे के दौरान फैक्ट्री के अंदर करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। हादसे में आठ मजदूर जिंदा जल गए हैं जबकि 15 मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। हादसे की खबर पाकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है।

## मायावती ने बताया पुलिस और खुफिया तंत्र की विफलता, योगी सरकार पर उठाए सवाल

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कानपुर में हुई हिंसा और पथराव की घटना को लेकर शनिवार को राज्य सरकार पर हमला बोला और जाति,धर्म तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मायावती ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के राज्य के दौरे के वक्त कानपुर में दंगा व हिंसा भड़कना अति-दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण व चिन्ताजनक है और पुलिस खुफिया तंत्र की विफलता का संकेत है। सरकार को समझना होगा कि शान्ति व्यवस्था के अभाव में प्रदेश में निवेश व यहां का विकास कैसे संभव होगा? उन्होंने कहा, सरकार इस घटना की धर्म, जाति व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करे ताकि ऐसी घटना आगे न होने पाए।



मायावती ने लोगों से शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भड़काऊ भाषणों आदि से बचने की भी अपील की। गौरतलब है कि कानपुर में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और उन्होंने एक-दूसरे पर पथराव किया। इस दौरान गोलीबारी भी हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा हाल ही में टीवी पर एक कार्यक्रम में चर्चा के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में जब एक समूह के लोगों ने जबरन दुकानें बंद कराने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और उन्होंने ना सिर्फ एक-दूसरे पर बम फेंके, बल्कि गोलियां भी चलायीं। जबरन दुकानें बंद कराने का प्रयास कर रहे लोगों की पुलिस के साथ भी झड़प हुई। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज करना पड़ा। कानपुर नगर से कुछ दूरी पर स्थित कानपुर देहात जिले में शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रपति के पैतृक गांव में एक समारोह में शामिल हुए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार कानपुर में स्थिति नियंत्रण में है। हिंसा प्रभावित इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और कम से कम 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## घर का नाम बदलने से नहीं होता लोक कल्याण, EPFO के ब्याज दर में कौटती को लेकर मोदी पर राहुल का तंज

केंद्र सरकार ने 2021-22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा (PF Interest) पर ब्याज दर में कटौती की घोषणा की है। अब सिर्फ 8.1% ब्याज दर से रिटर्न मिलेगा। कल केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दी है। आपको बता दें कि पिछले वर्ष यह दर 8.5 प्रतिशत था। 1977-78 के बाद से कर्मचारियों द्वारा अपने रिटायरमेंट फंड में जमा की गई यह सबसे कम ब्याज दर है। उस वर्ष कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर 8% थी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने सरकार के इस फैसले के खिलाफ मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने लिखा, घर का पता लोक कल्याण मार्ग रख लेने से लोगों का कल्याण नहीं होता। प्रधानमंत्री ने साढ़े 6 करोड़ कर्मचारियों के वर्तमान और उनके भविष्य को बर्बाद करने के लिए महंगाई बढ़ाओ, कमाई घटाओ मॉडल को लागू किया है। राहुल गांधी के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कांग्रेस नेता पवन



खेड़ा ने लिखा, अपनी करतूतों को देखते हुए खुद साहेब को 'लोक कल्याण मार्ग' नाम हज़्म नहीं हुआ तभी तो अब अपने लिए हज़ारों करोड़ का 'मोदी महल' बनवा रहे हैं।

### EPFO के नियम क्या है?

बता दें कि एक कर्मचारी की बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ता को जोड़कर जो राशि बनती है, उसका 12% हिस्सा उसके पीएफ खाते में जमा किया जाता है। कंपनी के 12% कंट्रीब्यूशन में से 3.67% कर्मचारी के पीएफ अकाउंट (EPF) में जाता है और बाकी के 8.33% कर्मचारी पेंशन स्कीम (EPS) में जाता है। बता दें कि कंपनी का योगदान दो हिस्सों में बंटा होता है, एक हिस्सा पेंशन फंड यानी ईपीएस में जाता एवं दूसरा हिस्सा ईपीएफ में जाता है।

# सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित आठ वर्ष,कोरोना काल मे गरीब लोगों का भाजपा सरकार ने पूरा ध्यान रखा-सुनील लोहिया

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कोंच( जालौन ) देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार के सफलतम आठ बर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संवाद सेवा सुशासन समर्पण गरीब कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत भाजपा कोंच नगर के तत्वाधान में अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं लोहे पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सरोजनी नायडू पार्क में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम के नगर प्रभारी उरई पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगणा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री अंजू अग्रवाल की गरिमा मय उपस्थिति में आयो जित कार्यक्रम को संबो धित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर प्रभारी उरई नगर पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की सफलतम आठ वर्ष में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के अंतर्गत करोडो बेघर लोगों को आवास मुहैया कराया गया है आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अट्ठारह करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं कोराना काल में विश्व की सबसे बड़ी टीकाकरण अभि यान के अंतर्गत एक सो नब्बे करोड़ से अधिक लोगों को टीके लगाए गए देश में तमाम कल्याण कारी योजनाएं लागू कर स्वस्थ भारत,समृद्ध भारत, समृद्ध किसान के साथ ही नए भारत के निर्माण की ओर भारत अग्रसर है कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने कहा कि देश के लोक प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में देश की युवा शक्ति नारी शक्ति सशक्त किए जाने की दिशा में तमाम योजनाएं लागू की गई देश के नौजवानों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है और पच्चीस करोड से अधिक महिलाओं को जनधन खातों के माध्यम से बैंकों से जोड़कर बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा कर नारी शक्ति को स्वयं रोजगार उपलब्ध कराकर आत्म निर्भर भारत की दिशा में कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष कमलेश चौपड़ा महामंत्री ओपी कुशवाहा , कार्य क्रम संयोजक नगर मंत्री प्रदीप वर्मा नगर उपाध्यक्ष मनीष नगरिया अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष मीरा चन्देरिया, शक्ति केंद्र प्रभारी प्रेम नारायण वर्मा,शक्तिकेन्द्र संयोजक अवध यादव चिकित्सा प्रकोष्ठ नगर संयोजक डा पी डी चन्देरिया सभासद उरई अनिल तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता के बी निरंजन एडवोकेट ,बूथ अध्यक्ष विकास दुबे, राहुल बाबू अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी ऋतुराज प्रजापत मीडिया प्रभारी ने दी

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 135 शिकायते मौके पर 7 का हुआ निस्तारण

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जालौन- मंडलायुक्त अजय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस कालपी तहसील के सभागार में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों को निस्तारण त्वरित गति से कराएं। उन्होंने कहा कि फरियादियों के साथ मृदु व्यवहार किया जाए। समाधान दिवस में 135 शिकायतें प्राप्त हुई है जिसमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में जो आख्या अधिनस्त अधिकारियों द्वारा प्राप्त होती है उस आंख्या का परीक्षण जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से करें व गुणवत्तापूर्ण है कि नहीं क्योंकि गलत आख्या प्राप्त होने पर शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाता है और शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार उसी शिकायत को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गंभीरता के साथ लिया जाएगा। आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में शिक्षा विभाग की ली बैठक

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के सभी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में आज बैठक ली है। कलेक्टर ने 16 जून को सभी विद्यालयों में विधिवत शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करते हुए बच्चों को किताब, स्कूल ड्रेस का वितरण भी शाला प्रवेशोत्सव के दिन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिले के ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को अपने अपने ग्राम पंचायतों में व्यवस्थित रूप से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 10 जून तक सभी विद्यालयों मे साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए तथा जिले में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाए जाने कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सिकल सेल, एनीमिया आदि का जांच करते हुए प्रत्येक मंगलवार को आयरन फोलिक एसिड खिलाए जाने कहा, यों के लिए आवश्यक मरम्मत कार्यों को भी 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर देवेंद पैकरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा, जगतजीत इण्टर कालेज इकौना एवं अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा सहित अन्य कई स्थानों पर हुआ योग शिविर का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती -जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है इसे नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है जिससे अनेकों बीमारी से बचाव होता है। वर्तमान में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भी प्रतिदिन योग, व्यायाम करने से हमरे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं जोकि हमें विभिन्न बीमारियों से बचाव करते हुए स्वस्थ रखती हैं। साथ ही यह दिमाग और शरीर की एकता को भी बनाये रखता है। योग मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य भी है। योग एवं व्यायाम विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा अनेकों स्वास्थ्य लाभ और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करता हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मन शांति के लिए भी व्यायाम करना लाभदायक है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर भारीदारी निभाने की भी अपील की। उन्होने बताया है कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार स्पोर्टस स्टेडियम भिनगा में जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव की अगुवाई में तथा जिले के इण्टर कालेजों प्राचार्यगणों की अगुवाई में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में मुख्यमंत्री की घोषणा से आच्छादित योग वेलनेस सेंटर सेमरा अकबरपुर, श्रावस्ती के तत्वाधान में 'स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा में प्रातः कालीन सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती सिरसिया थाना के ग्राम जोखवा बाजार निवासी निरंजन कुमार के घर लोहे का दरवाजा लगा हुआ था। दरवाजे के बगल बिजली का बोर्ड लगा था और एक तार दरवाजे के बगल से खींचा हुआ था। तार कहीं कटा था और वह लोहे के दरवाजे को स्पर्श कर रहा था। इससे दरवाजे में करंट उतर आया था। सुबह करीब पांच बजे निरंजन की पत्नी संगीता देवी ( 28 ) सोकर उठी और दरवाजा खोलने गई। जैसे ही उसने दरवाजे के हत्थे को पकड़ा तभी वह दरवाजे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। करंट लगते की वह एक बार चिल्लाई तो घर के लोग जग गए और दौड़े कर मौके पर पहुंचे। जहां संगीता दरवाजे से चिपकी हुई थी। इस पर परिजनों को करंट लगने की आशंका हुई। परिजनों ने तार की सप्लाई बोर्ड से बंद की और संगीता को दरवाजे से अलग किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घर में रोने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बताया जाता है कि मृतका का पति तीन दिन पहले रोजी रोटी की तलाश में परदेश गया हुआ है। परिजनों की ओर से महिला की मौत की जानकारी उसके पति को दी ।

# टीवी चैनल पर बैठकर लाइव कार्यक्रम में किसी भी धर्म के खिलाफ बोलना गलत है-पंडित सुशील पाठक

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - आजकल मै कुछ लोगो के द्वारा साईनाथ का बिरोध टीवी चैनल पर बैठकर कर डिबेट कर रहे उन लोगो से सिर्फ इतना अनुरोध करना चहाता हुं कि बह जो डिबेट मे बैठकर अपनी बात रख रहे है बह स्वयं अपनी दैनिक पूजा-पाठ का क्रम बताने की कृपा करें कि बह किस देब की प्रतिदिन कितनी पूजा करते है मै साईनाथ को मानता हूं पूजता हूं और अपनी दैनिक पूजा-पाठ का क्रम आज सार्वजनिक कर रहा हूं अपने गुरुमंत्र का जाप इष्टमंत्र का जाप प्रतिदिन भगबान शिव पर बिल्बपत्र दूध तिल जौ पुष्प अर्पित करने के साथ सुन्दर काण्ड संक्षिप्त रामायण पाठ गणेश स्त्रोत शिवपंचाक्षर स्त्रोत श्रीसूक्त कनकधारा स्त्रोत पुरस्कार सूत्र नवग्रह स्त्रोत श्रीराम रक्षा स्त्रोत नारायण कवच गजेंद्रमोक्ष बिष्णु सहस्त्रनाम स्त्रोत सप्तस्लोगी दुर्गा सप्तशती एक स्लोकी रामायण चतुरश्लोकी भागवत हनुमान चालीसा इसके अलावा कुछ छूट ही गया होगा यह हमारी दैनिक पूजा-पाठ का क्रम है कृपापूर्वक साईनाथ का बिरोध करने बाले भी हमे अपनी दैनिक पूजा-पाठ का क्रम बाताने की कृपा करे हम उनके आभारी रहेगे



# शादी का झांसा देकर रिश्ते की मामी से बनाए अवैध संबंध

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने रिश्ते के भांजे पर शादी का लालच देकर करीब 2 साल से संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराकर उसके कोर्ट में बयान दर्ज कराए हैं महिला ने तहरीर में कहा है कि उसका पति शराब का सेवन करता है गांव में भीनौली निवासी एक युवक रिश्ते में उसका भांजा लगता है,जिसका पति के पास घर पर आना जाना था इसी बीच उसने मीठी-मीठी बातें कर उसे अपने जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर करीब 2 साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा इतना ही नहीं उसने किसी तरह पति से शराब के नशे में गांव में ही एक कीमती प्लॉट का बैनामा करा दिया और उस पर आटा चक्की लगाकर रहने लगा था शातिर दिमाग युवक ने पति से 60 हजार रुपए भी एंठ लिए महिला ने जब उससे कोर्ट मैरिज के लिए कहा तो युवक ने मना कर दिया खिलाफ थाने में तहरीर दी है इस मामले में एसओ संजीव त्यागी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपित विष्णु पंडित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा है

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। जिलाधिकारी ने विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि यदि शासन से लक्ष्य प्राप्त नही हुए है तो पूर्व वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को मानते हुए विकास कार्यो को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वय करें, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूंपणनचण्दपबण्पद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार , नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैऊक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील ठाकुरद्वारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगभग 61 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में मुख्य रुप से आपसी भूमि विवाद की कृषि संबंधी शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त होने के साथ विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमार्न्तगत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतों प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा परमानन्द सिंह, तहसीलदार ठाकुरद्वारा रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा प्रभा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## तहसील ठाकुरद्वारा के सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानूनगों, लेखपाल एवं एसएचओ के साथ बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - ठाकुरद्वारा तहसील के सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने कानूनगो, लेखपाल एवं एस0एच0ओ0 के साथ आहूत बैठक में शिकायतों का ठीक प्रकार से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का समयबद्धता से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना दिवस में आकर उक्त अधिकारीगण औपचारिकता न करें, बल्कि थाना दिवस में मिलने वाली शिकायतों का उसी दिन ठीक प्रकार से निस्तारण करने का हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसके निस्तारण हेतु थाना समाधान दिवस की प्रतीक्षा न करें, बल्कि 90 प्रतिशत तक अपने स्तर से शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, यदि आपके स्तर से शिकायत का निस्तारण संभव नही है तो शिकायत के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दें। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक समस्या है तो उसका शत प्रतिशत निदान किया जाये। शिकायत को लेकर लोग लखनऊ तक पहुंच रहे हैं ऐसा प्रयास करें कि शिकायत का यहीं पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हों ताकि लोग लखनऊ तक शिकायत लेकर न पहुंचें।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा परमानन्द सिंह, तहसीलदार ठाकुरद्वारा रामवीर सिंह, नायब तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा प्रभा सिंह, लेखपाल, कानूनगो सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विद्युत लाइन बदलने की मांग को लेकर गरजे भाकियू कार्यकर्ता

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सुरजन नगर शरीफ नगर श्रीधर की विद्युत लाइन बदलवाने सहित आठ सूत्री मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने किसानों की समस्या को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। ब्लाक परिसर में एकत्र हुए और पंचायत की। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की। भाकियू कार्यकर्ता इसके बाद जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और यहां जमकर नारेबाजी करते हुए मांग की कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर स्याही फेंकने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Between faith and disbelief

The Supreme Court, returning the Gyanvapi dispute to the District Judge of Varanasi, has ordered to hear it on priority basis. The high court has asked the district administration to keep the Wuzukhana safe and also that the worshipers should not face any kind of problem. The Hindu side says that the Shivling has been found from the reservoir used for Wudu, while the Muslims are calling it a fountain. The Supreme Court will now hear the matter in the second week of July."This is just the beginning of an arduous legal battle, then the matter is not confined to Gyanvapi only. The tandoor of all the controversies including Shri Krishna's birthplace, Qutub Minar, Taj Mahal, Bhojshala have started heating up again. Are we entering the tumultuous period between 1989 and 92? Those who believe that the root of the problem lies in the existence of only one religion, I would like to remind them that even before the birth of Jesus and Muhammad, people of different sects used to clash with each other in our country. Legend has it that Chanakya had to leave his disciple Chandragupta and his court for some time. Reason? The young emperor had come under the influence of Jain monk Bhadrabahu. Back to Gyanvapi. Just imagine, Aurangzeb, who destroyed the temple of Lord Mahadev, gave financial support in the construction of Aparnath Math and Tekra Math in Kashi. Baba Aparnath had opposed the demolition of Vishwanath temple and the construction of a mosque. Then why this royal karma? Did he want to deceive Kashi's diaspora by demolishing one center of faith and providing royal support to others, so as to stop the rebellion? Or, was he looking for his culmination in the inner lines of Hinduism?"It is also a matter to think that when Aurangzeb was a prince, he had issued a decree. It is written in this document, in the Bharat Kala Bhawan of Banaras Hindu University, - 'Abul Hasan (the warlord posted in Varanasi) should know this ... it has been decided by our religious law that old temples should not be demolished and new temples too. Don't be These days news has reached our very ideal and holy court that some people are harassing some brahmins in Banaras and its surrounding areas due to malice and animosity. Also, the temple caretakers want to remove the Brahmins from their posts, which may create discontent in that community. According to this act, the shrine in the form it was in India on August 15, 1947, is to be preserved. Sure, it's a matter of disbelief. If we follow the right examples of our common culture and history, there can be a middle ground. This was done to stop the quarrel in Bhojshala of Madhya Pradesh. There Hindus go to worship on Tuesdays and Muslims offer prayers on Fridays, but in the past, a suit has been filed for the installation of Saraswati statue along with stopping the prayers in Bhojshala."Certainly, the matter is not just about religious places. We have to bridge the gap. For centuries, emperors and politicians have dug these trenches in a very clever way. Why shouldn't the sensible people of the country and the politicians who tell themselves to be responsible take some initiative in this regard?Just imagine, Aurangzeb, who destroyed the temple of Lord Mahadev, gave financial support in the construction of Aparnath Math and Tekra Math in Kashi.

# Kim Kardashian is ready to eat potty in the desire to look young, people said - get your brain treated



Hollywood actress Kim Kardashian continues to create panic on social media with her bold pictures and videos. Sometimes Kim's love story, sometimes her dress remains in the headlines. Those who follow Kim know how fitness free she is. Even after becoming the mother of 4 children, she has kept herself so fit that she is the idol of the youth going to the gym. But recently, Kim surprised people by saying that she is ready to eat potty to look young. Yes, you read that right, according to a report in The New York Times, Kim said, 'If you tell me that I will always look young, but for this I have to potty everyday. So maybe I'll eat it too. After hearing this statement of Kim, her fans could not believe their ears. People are thinking that after all, what is such a craze that someone is ready to do such a disgusting thing to look young. 41 year old Kim Kardashian is the mother of 4 children. Now people are reacting on this statement of Kim on social media. Shocked people are asking this potty statement – ??is there any brain problem? One person commented – Why do I feel that you have already done this. So on the other hand, people are writing shit by making potty emoji on it. So some people asked why did you say such a thing? Let us tell you that Kim married Ken 7 years ago. In the year 2021, both had filed for divorce, on which the decision did not come because this case is going on between the two in the court. However, Kim has been declared legally single this year. She is currently dating comedian Pete Davidson.

# Mumtaz's daughter Tanya beats big actresses, despite being the mother of 2 children, she has amazing fitness

Mumtaz, the famous actress of the bygone era, ruled the Hindi film industry in the 60s and 70s. He made his debut with 'Sone Ki Chidiya'. The very first film was such a hit that Mumtaz's luck shone overnight. After this, Mumtaz played many iconic characters of her career and went on getting success. Wave your wings in the film industry. He had many films like 'Bandhan', 'Mann Aur Insaan', 'Sachcha Jhootha', 'Khilauna', 'Tere Mere Sapne' and 'Hare Ram Hare Krishna' in his kitty. His fashion sense was also highly appreciated in the film world. There was a lot of discussion about her unique style of wearing saree. Her style of wearing saree was also known as 'Mumtaz Saree'. The actress married businessman Mayur Madhvani in the year 1974. If you look at the social media profile of Mumtaz's younger daughter Tanya, she is quite beautiful. She also competes with the A-list actresses in beauty. Although Tanya Madhvani stays away from the glare of the glamor industry. Despite being so old, a different look is visible on Tanya Madhvani's face. Sometimes wearing a bikini on the beach and sometimes in a short dress, Tanya is often seen sharing her beautiful pictures on the internet media. Her fans are also in awe of this beauty of Tanya. According to reports, Tanya Madhvani is compared to Parveen Babi and Zeenat Aman. Both have been beautiful actresses of their time. Fans make a flurry of comments on Tanya's glamorous, some are showering her with a lot of love by making her a fire and some heart emoji.



# युवा दिलों की धड़कन राजू आर्य अपना दल( एस ) में हुए सम्मिलित ,जल्द मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा/लखनऊ- अपना दल (सोनेलाल पटेल) पार्टी का सदस्यता ग्रहण समारोह पार्टी के प्रदेश कार्यालय मॉल एवेन्यू लखनऊ के परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से सैकड़ों लोगों ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की। तथा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा केंद्रीय तथा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। साथ ही साथ कार्यकारिणी से जुड़े लोगों के नाम तथा पद की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी जिन्होंने अन्य पदाधिकारियों के साथ नए लोगों को अपने कर कमलों से सदस्यता ग्रहण कराई, वहीं जनपद एटा से सैकड़ों साथियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री ने अपने कर कमलों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के साथ अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उन्हें राजनीति में सफलता प्राप्त करने का गुरु मंत्र भी दिया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य भारतीय किसान मंच के प्रदेश प्रभारी तथा सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष पद पर कार्यरत है। वहीं सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद राम प्रताप सिंह सदस्यता अभियान से जुड़े लोगों के सहयोग में जुटे हुए थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल केंद्रीय मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी गणों ने पार्टी के संस्थापक सोनेलाल पटेल व संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के पदाधिकारी तथा हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय सोनेलाल पटेल जी ने जिस उद्देश्य के साथ पार्टी का गठन किया था उनका वह सपना पूरा करने के लिए पार्टी को गरीबों के उत्थान कमजोर तथा निर्मल वंचित तथा दलित एवं पीड़ित लोगों के उत्थान के लिए काम करना है। इसी के साथ समग्र समाज को



विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी कायम करनी है। उन्होंने भाजपा के साथ अपना दल एस के गठबंधन को सफल बताते हुए कहा कि वह भाजपा से मिलकर दो चुनाव सफलता पूर्वक लड़ चुकी है, और आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को भी भाजपा से मिलकर लड़ा जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जोर देते हुए कहा कि पार्टी के पुराने पदाधिकारी सदस्यता ग्रहण करने वाले नए साथियों को पूरे मान सम्मान के साथ गले से लगाये जिससे उन्हें यह महसूस ना हो कि वे नई जगह पर आए हैं। वहीं उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों से अपील करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोग सम्मानित हैं, सदस्य जनों को पार्टी के अनुशासन संविधान एवं कार्यक्रम व कर्तव्य का सही रूप से निर्वहन करने का लक्ष्य होना चाहिए। इसी सामंजस्य से अपना दल एस राजनीति में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। बाद में उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। गौरतलब है कि रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य जनपद एटा के जाने माने चर्चित युवा नेता हैं एवं युवाओं के दिलों में अपना एक अलग स्थान रखते हैं। विदित है कि आर्य द्वारा मारहरा ब्लॉक पर वर्ष 2016 एवं 2018 में निवर्तमान ब्लॉकप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसके बाद से ही वे जनपद एवं मंडल की राजनीति का चर्चित चेहरा बनकर उभर चुके हैं। राजू आर्य अपने बेबाक एवं बेखौफ अंदाज एवं असहायों की बुलंद आवाज़ के तौर पर जाने जाते हैं जिसके चलते उनके ऊपर कई बार जानलेवा हमले भी हो चुके हैं एवं शार्पशूटरों की गोलियों का निशाना भी बन चुके हैं बावजूद इसके उन्होंने अपने जीवन को ताक पर रखते हुए न ही अपने बेखौफ अंदाज में कोई परिवर्तन लाया और न ही असहायों की आवाज़ बनने से अपने कदम पीछे हटाये। यही मुख्य कारण है कि आर्य को जनपद के सभी युवा हाथों हाथ लेते हैं। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसा अनुमान है कि जल्द ही रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य को पार्टी कमान द्वारा कोई विशेष एवं बड़ी जिम्मेदारी की कमान सौंपी जा सकती है।

## स्कूल के पास सड़क के किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव,

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा/कोतवाली देहात के गंजडुंडवारा रोड पर गांव मिलावली स्कूल के पास सड़क के किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव, युवक की मोटरसाइकिल भी शव के पास में पड़ी मिली, बाइक में मिली ऋष्ट के अनुसार युवक की पहचान अजीत पुत्र पप्पू निवासी उज्जैपुर बताई जा रही है, युवक की मृत्यु का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए भेजा,

www.knlslive.com



## यू ही नहीं कोई डेविड बर्मा बन जाता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-,यूं ही नहीं कोई डेविड बर्मा बन जाता परम आदरणीय बड़े भैया 24 घंटे समाज के लिए हमेशा खड़े रहने वाले एटा विधायक श्री विपिन कुमार वर्मा उर्फ डेविड जी आज बीरमपुर पहुंचकर ढ्ढस्र अमित राजपूत को माला पहनाकर युवाओं एक अलग संदेश दिया की जो पड़ेगा वह आगे बढ़ेगा अमित राजपूत ने लगातार 8 साल प्रयास किया आखिर कर भगवान की दया दृष्टि से ढ्ढस्र बने

# अपने लोकसभा क्षेत्र में 08 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी कार्यालय पर पुस्तक का विमोचन भी किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सांसद राजवीर सिंह( राजू भैया ) पहुंचे एटा, आयोजित की प्रेस वार्ता, अपने लोकसभा क्षेत्र में 08 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी कार्यालय पर पुस्तक का विमोचन भी किया। सांसद बोले 8 साल में आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से एटा लोकसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपयों की लागत से हुआ है अभूतपूर्व विकास कार्य, मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज, बाईपास एवं सड़कों के बनने से लोगों को मिली है बड़ी राहत। 2024 तक अनेक कार्य होने हैं पूरे,इन 8 साल में अपराध पर भी लगा है अंकुश। हमने सभी जाति, वर्गों का किया है विकास। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप जैन, विधायक मारहरा वीरेंद्र सिंह लोधी, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं अन्य विधायक, एमएलसी आशीष यादव (आशू) एवं भाजपा कार्यकर्त्ता

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## तहसीलदार ने टीम गठित कर समस्याओं के समाधान करने हेतु दिए निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा/,जलेसर - एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री को यादव उत्थान समिति द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम सौंपा ज्ञापन। वही आपको जानकारी देते हुए बता दें जलेसर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नैनसुख निवासी खुशबू उम्र 20 वर्ष की आगरा में हत्या के मामले में एसडीएम को यादव समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। वही लोगों ने मांग उठाई है कि बेटी के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा दी जाए। हत्या की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में मुकेश यादव जिला पंचायत सदस्य, बृजेश मधुर, मोनू यादव, दीपक यादव, अंकित यादव, महेश यादव,मनोज यादव, रवि यादव,देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।





## जलेसर एसडीएम को यादव समाज के लोगों ने राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा/,जलेसर - एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री को यादव उत्थान समिति द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम सौंपा ज्ञापन। वही आपको जानकारी देते हुए बता दें जलेसर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नैनसुख निवासी खुशबू उम्र 20 वर्ष की आगरा में हत्या के मामले में एसडीएम को यादव समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। वही लोगों ने मांग उठाई है कि बेटी के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा दी जाए। हत्या की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में मुकेश यादव जिला पंचायत सदस्य, बृजेश मधुर, मोनू यादव, दीपक यादव, अंकित यादव, महेश यादव,मनोज यादव, रवि यादव,देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# प्रधानमंत्री मोदी के आठ वर्ष,सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के -रजनीशसिंह



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत सरकार ने शानदार,ऐतिहासिक 08वर्ष पूरे किये हैं.नरेंद्र मोदी सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई.पत्रकार वार्ता को बेलतरा के यशस्वी विधायक रजनीश सिंग ने सम्बोधित किया.उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया की इस आठ वर्ष की स्वर्णिम यात्रा को कम शब्दों में सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण का वर्ष इन्हें कहा जा सकता है.मोदी जी के नेतृत्व में कोरोना महामारी के वैश्विक संकट में विश्वप्रसिद्ध दोनो टीके के दोनों डोज मुफ्त देने की सेवा से लेकर समूचे देश के पीड़ितों तक चिकित्सा एवं अन्य तमाम राहत सामग्री की सेवा की.देश के 80 करोड़ से अधिक नागरिकों तक अनवरत खाद्यान्न की आपूर्ति से बड़ा गरीब कल्याण और क्या हो सकता है.मोदी जी ने सभी गरीबो के छत की चिंता की,शुद्ध जल उपलब्ध कराने से लेकर उन्हें आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त चिकित्सा से लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं सेवा कर उन्हें जोड़ा.पिछले आठ वर्षों में देश की गरीबी 22 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत से नीचे आ गई है. सन 2014 के पहले देश मे प्रति व्यक्ति आय 85 हजार थी जो अब लगभग दो गुनी सके लाख सत्तर हजार रुपये प्रतिवर्ष हो गई है.पहले योजनायें सिर्फ़ कागजो में बनती थी और कागजो में पूरी हो जाती थी.बीते आठ वर्षों में योजनाओं का अमल वास्तविक रूप से धरातल में हो रहा है. अगर हम अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ की ही बात करे तो केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का करोड़ो लोगो को लाभ मिला है.उज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख से अधिक गैस कनेक्शन बांटे गये.लगभग 10 लाख पक्के आवास बनाये गये,किसान सम्मान निधि से लाखों किसानों को लाभ मिला, छत्तीसगढ़ की अनेक रेल परियोजनाओं को स्वीकृति मिली और कार्य प्रारंभ हुआ,विभिन्न हाइवे सड़को का निर्माण हुआ.रजनीशसिंह ने कहा की मोदी सरकार आम जनता के सर्वागीण विकास हेतु सतत कार्य करती रहेगी. इस पत्रकार वार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कन्हैयासिंग राठौर,महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादव,उपाध्यक्ष दिलीप यादव,कुबेरसिंग सर्राटी,जिला भाजपा मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल,लालजी यादव,मुकेश दुबे,समीरा पैकरा,अंकुर विश्वकर्मा,प्रणव मरपच्ची,योगेंद्र नहरेल,गणेश जायसवाल,पंकज श्रीवास्तव, आयुष मिश्र,विजय राठौर, अभय वर्मा,गोलू राठौरआकर्षसिंग सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. पत्रकार वार्ता के उपरांत किसान सम्मान निधि प्राप्त किसानों का सम्मान किया गया.

# फोर्टिफाइड चावल के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने जन जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पीडीएस दुकानों में वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड चावल पोषण से भरपूर होता है। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के पीडीएस दुकानों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण मध्यान्ह भोजन योजना एवं पूरक पोषण योजना अंतर्गत किया जा रहा है।इस चावल में आम चावल की तुलना में अधिक आयरन, विटामिन बी-12, फोलिक एसिड होता है। इस चावल को विशेष तौर पर तैयार किया जाता है। संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति द्वारा फोर्टिफाइड चावल वितरण का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। फोर्टिफाईड चावल कुछ राशन कार्ड धारियों को प्रथम दृष्ट्या प्लास्टिक चावल के समान प्रतीत होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिसके कारण राशन कार्ड धारियों के मध्य भ्रम की स्थिति निर्मित हो सकती है। अतएव हितग्राहियों के मध्य फोर्टिफाईड चावल के उपभोग से होने वाले लाभ के संबंध में प्रचार-प्रसार की करने की आवश्यकता है। निर्देश में कहा गया है कि भ्रांतियों से बचने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत फोर्टिफाईड चावल के वितरण के प्रचार-प्रसार के पॉम्पलेट, बैनर ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक भवनों जैसे ग्राम पंचायत भवन, शासकीय उचित मूल्य दुकान भवन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालय भवनों पर प्रदर्शित कराकर हितग्राहियों के मध्य प्रचार-प्रसार किया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, पंचायत सचिवों एवं शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के माध्यम से फोर्टिफाईड चावल के फायदों के संबंध में राशनकार्डधारियों, ग्रामीणों एवं छात्रों को अवगत कराया जाये एवं संचार के विभिन्न माध्यमों से भी जन-जागरूकता को बढ़ावा दिया जाये। सभी विकासखण्ड मुख्यालय में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों की बैठक लेकर उन्हें फोर्टिफाइड चावल के संबंध में जानकारी प्रदान की जाये। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर फोर्टिफाइड चावल के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए उसके लाभों के संबंध में अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

# नाबालिक को भगा कर ले जाने वाला आरोपी दमोह मध्यप्रदेश से गिरफ्तार,आरोपी का सहयोग करने वाली आरोपी की माँ भी गिरफ्तार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मामला थाना पेण्ड्रा का है। दिनांक 20/02/2019 को पीड़िता का पिता थाना पेण्ड्रा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग पुत्री जो स्कूल से घर आने के लिए निकली थी वापस नही आई है। रिपोर्ट पर थाना पेण्ड्रा में अपराध क्रमांक 59/2019 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना की जा रही थी। महिलाओं से संबंधित अपराधों में अभियान चला कर जीपीएम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में *जीपीएम पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में जीपीएम पुलिस की टीम साइबर इनपुट के माध्यम से पतासाजी हेतु मध्यप्रदेश गई थी। टीम के द्वारा पीड़ित नाबालिग को आरोपी सोहन सिंह राजपूत पिता बलवान सिंह राजपूत उम्र 29 साल निवासी भरतला थाना पटेरा जिला दमोह तथा आरोपी की माँ गीता राजपूत पति बलवान सिंह राजपूत उम्र 55 साल थाना पटेरा जिला दमोह के कब्जे से बरामद किया गया। विधिसम्यक कार्यवाही उपरांत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी, प्रधान आरक्षक विजय दीप त्रिपाठी ,आरक्षक विकास पांडे आरक्षक हर्ष , साइबर सेल एवं थाना पेंड्रा स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही

# ट्रैक्टर ट्रॉली योजना हेतु आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 25 जून

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति मर्यादित सूरजपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2022-23 हेतु राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में अनुसूचित जनजाति वर्ग के ट्रेक्टर ट्रॉली योजना हेतु जिले के अनु. जनजाति वर्ग के आवेदको से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदक कार्यालय समय पर आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंन्तिम तिथि 25 जून 2022 है। जिसकी शर्ते निम्नानुसार है - आवेदक अनु. जनजाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो, जिसकी उम्र 18 से 50 वर्ष तक हो, वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो हितग्राही के पास पाँच एकड़ जमीन होना अनिवार्य होगा, 10 रू. का स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र देना होगा, जाति, आय, निवास, प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी का हो, हितग्राही का स्वयं का ड्रायविंग लायसेंस कामर्शियल (ट्रेक्टर) होना चाहिए, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची व बैंक पास बुक की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

# छत्तीसगढ़ के इतिहास में काला दिन, 12000 से अधिक मनरेगा कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मनरेगा कर्मचारियों द्वारा अपनी दो सूत्री मांग को लेकर 04 अप्रैल 2022 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। आज 12000 से अधिक मनरेगा कर्मचारियों ने आंदोलन के 62 वे दिन में महारैली का आयोजन कर 28 जिले के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक त्यागपत्र सौप दिया है। अपने 21 सहायक परियोजना अधिकारियों की सेवा समाप्ति से क्रोधित कर्मचारियों ने यह कदम उठाकर छत्तीसगढ़ के इतिहास में काला दिन लिख दिया है। ऐसा हम इसलिए कह रहे है चुंकि यह पहला मामला होगा कि किसी भी कर्मचारी संगठन ने इससे पहले इतना बड़ा कदम उठाया हो। बर्खास्तगी आदेश को संवैधानिक अधिकारों का हनन करार देते हुए आदेश की प्रतियां जलाई। रैली में 8000 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर अग्निवंशी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम कुर्रे ने बताया कि सहायक परियोजना अधिकारी की बर्खास्तगी के आदेश की महासंघ घोर निंदा करता है और इसे तत्काल निरस्त नहीं करने के कारण सामूहिक इस्तीफा का कदम उठाया गया। कांग्रेस सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था, कि समस्त संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण एवं किसी भी संविदा कर्मचारी की छटनी नहीं की जाएगी यह वादा की थी किंतु इसके विपरीत कड़ा दंडात्मक कार्रवाई की गई है। हमारी दो सूत्रीय मांग चुनावी जन घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगाकर्मियों का नियमितीकरण किया जावे एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतनमान निर्धारण करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू करने की मांग है। महा संघ के प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी है में फर्क है यह कर्मचारी जगत के लिए संवेदनहीनता की पराकाष्ठा वाला आदेश है हम समस्त कर्मचारी जगत से इसका विरोध में सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए अपील करते हैं,यह आंदोलन बिना लक्ष्य पूर्ति के समाप्त नहीं होने वाला है।